**B. STATE OWNED :**

23. Govt. Flying Training School, Bangalore.
24. Govt. Flying Training Institute, Calcutta.
25. Bihar Flying Institute, Patna.
26. Govt. Aviation Training Institute, Bhubaneshwar.
27. Govt. Flying Training Centre, Lucknow.
28. Andaman & Nicobar Flying Training Institute, Port Blair.

**C. AUTONOMOUS BODY UNDER CENTRAL GOVERNMENT :**

29. Indira Gandhi Rashtriya Uran Akademi, Rae Barelli.

---

**सलेम हवाई अड्डे का प्रारम्भ किया जाना**

3372. **श्री अजीत जोगी :**
**श्री छोटू भाई पटेल**

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सलेम हवाई अड्डे को हवाई-यातायात के लिए नहीं खोला गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) यहां से जिस प्रकार के विमान परिचालित किए जायेंगे उनका ब्यौरा क्या है ?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) :** (क) से (ग) : सलेम हवाई अड्डे का उन्नयन किया जा रहा है और पूरा होने पर, यह बोइंग 737 प्रकार के विमानों के प्रचालन के लिए उपयुक्त हो जाएगा।

**देश में होटलों के मालिकों को प्रोत्साहन ।**

3373. **श्री अजीत जोगी :**
**श्री छोटू भाई पटेल :**

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होटल मालिकों को प्रोत्साहन देने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) :** (क) और (ख) : अनुमोदित होटलों और होटल परियोजनाओं को उपलब्ध कराए गए प्रोत्साहनों में शामिल हैं—कर में छूट, ऊंची दर पर मूल्य ह्रास, एक से तीन सितारा और हैरिटेज श्रेणी के लिए ब्याज इमदाद, विशेष वस्तुओं का आयात, आयात पर रियायती दर पर सीमा शुल्क तथा निर्माण-सामग्री, टेलीफोन., टेलेक्स और एल० पी० जी० कनैक्शन देने में प्राथमिकता देना।

**Contract for Radar Technology**

3374. SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE : Will be Minister of CIVIL AVIATION & TOURISM be pleased to state :

(a) whether any contracts for securing radar technology have been signed with the US firm Westing House Electronics by the National Airport Authority and the Bharat Electronics Limited; and

(b) if so, the cost and other terms of the collaboration ?